इंडियन एयरलाइन्स द्वारा पोरबंदर, केशोद एवं कांडला के लिए दैनिक उड़ानों का बंद किया जाना

1529. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:** क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इंडियन एयरलाइन्स ने गत दस वर्षों से पोरबंदर, केशोद और कांडला के लिए अपनी सभी दैनिक उड़ानें बंद कर दी हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) इससे इंडियन एयरलाइन्स को कितना घाटा हो रहा है;

(घ) क्या सरकार, पोरबंदर, केशोद और कांडला के लिए उड़ानों को फिर से शुरू करने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन मंत्री (श्री सी॰ एम॰ इब्राहीम): (क) जी, हां।

(ख) पोरबंदर और केशोद के लिए प्रचालन 22.12.1996 से वायुदूत को सौंप दिए गए थे तथा डकोटा विमान को सेवा से हटा दिये जाने के कारण, 18.7.1974 से कांण्डला के लिए प्रचालन बन्द कर दिए गए थे।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता।

(घ) और (ङ) क्षमता और विमान कर्मीदल की कठिनाइयों के कारण, इस समय, इंडियन एयरलाइन्स की इन स्टेशनों के लिए प्रचालन की कोई योजनाएं नहीं हैं।

राजधानी के पांच सितारा होटलों की कॉफी की दुकानों में शराब परोसा जाना

1530. **श्री रामदेव भंडारी:** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 8 जुलाई, 1996 के "नवभारत टाइम्स" के दिल्ली संस्करण में "तलाश रहती है—शराब बंदी की संभावना पांच सितारा में बहाई जा रही है नदियां" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) क्या राजधानी में पांच सितारा होटलों की कॉफी शाप में शराब परोसी जाती है तथा 21 वर्ष से कम की आयु वाले स्कूली बच्चे काफी संख्या में वहां जाते हैं; और

(ग) यदि हां, तो वास्तविक स्थिति का ब्यौरा क्या है एवं सरकार इस संबंध में क्या कार्रवाई कर रही है?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकान्त जैना): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) जी, हां। तथापि, राज्य सरकार के उत्पादन शुल्क कानून के अनुसार 25 वर्ष से कम आयु तक के व्यक्तियों के लिए रेस्तरां में शराब पीना वर्जित है।

Inhalation Therapy for Asthma

1531. SHRI JOYANTA ROY: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that 80% of the asthma deaths can be arrested through inhalation therapy instead of oral intake of drugs like Betnelan, Tedral and Allergin; and

(b) if so, what measures Government have taken so far?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI SALEEM IQBAL SHERVANI): (a) and (b) Inhalation therapy has been found to be superior to oral drug therapy in controlling asthma because of its early action and lesser side effects. Asthma cases are being treated by inhalation therapy in routine as well as emergency cases.

नई कम्पनियों के नामों के अनुमोदन हेतु रजिस्ट्रार के पास लंबित पड़े आवेदन-पत्र

1532. **श्री अजीत जोगी:** क्या कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में कम्पनी रजिस्ट्रार के पास नई कम्पनियों के नामों के अनुमोदन हेतु आज तक कितने आवेदन-पत्र लंबित पड़े हैं;